# वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय,जौनपुर,उ0प्र0

Website:www.vbspu.ac.in Email.ID: fovbspu2015@gmail.com

पत्रांक–वि0अधि0 / 48 / 2023 दिनांक–20-2-2023

सेवा में,

समस्त प्राचार्य
आजमगढ़ / मऊ
सम्बद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय
जौनपुर।

विषय– आरटीजीएस अथवा नेट बैंकिंग के माध्यम से जमा शुल्क के सत्यापन के संबंध में।

महोदय / महोदया

कृपया उपर्युक्त विषयक के संबंध में अवगत कराना है कि आपके महाविद्यालय द्वारा सत्र 2022–23 की विभिन्न परीक्षाओं का परीक्षा शुल्क नेट बैंकिंग अथवा आरटीजीएस के माध्यम से विश्वविद्यालय खाते में जमा किया गया है। परन्तु आपके द्वारा परीक्षा शुल्क जमा करने के उपरांत परीक्षा शुल्क का सत्यापन लेखा विभाग से नहीं कराया गया है जिसके कारण जमा किये गये परीक्षा शुल्क का सत्यापन नहीं हो पा रहा है जिससे भविष्य में परीक्षा शुल्क मिलान में कठिनाई उत्पन्न हो सकती है।

अतः अनुरोध है कि उपरोक्तानुसार अवगत होते हुए विश्वविद्यालय कोष में जमा परीक्षा शुल्क का सत्यापन कराने का कष्ट करें जिससे जमा किये गये परीक्षा शुल्क का सत्यापन परीक्षा से पूर्व समय से किया जा सके।

भवदीय
20/2/23
(संजय कुमार राय)
वित्त अधिकारी

पृष्ठांकन संख्या–वि0अधि0 / / 2023 तद् दिनांक–

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. कुलसचिव,वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय,जौनपुर।
2. वित्त अधिकारी, महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय,आजमगढ़।
3. परीक्षा नियंत्रक / सहायक कुलसचिव (परीक्षा),वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर को इस आशय से प्रेषित कि संबंधित महाविद्यालयों को अपने स्तर से भी सूचित करने का कष्ट करें।
4. निजी सचिव कुलपति, कुलपति जी के सूचनार्थ।
5. वेबमास्टर को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

वित्त अधिकारी